बाल भारती पब्लिक स्कूल, पीतमपुरा, दिल्ली ११००३४

हिंदी

कक्षा-नवीं

E-lesson : 5

प्रिय विद्यार्थियो!

आज हम अपठित गद्यांश का अभ्यास करेंगे, तथा पर्यायवाची शब्द, विपरीत शब्द, उपसर्ग व प्रत्यय युक्त शब्द उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे ।

पाठ्य सामग्री का अध्ययन करते समय निम्नलिखित निर्देशों का पालन करें ---

निर्देश :

1. अन्य अनुच्छेदों के अध्ययन के लिए निम्नलिखित लिंक का प्रयोग कीजिए।

https://drive.google.com/open?id=1JlOW5_1mSpsRd-jFi5l-eow-_fJfloLb

2. स्कूल खुलने के पश्चात् दिए गए अभ्यास प्रश्नों का परीक्षण करके अंक/ग्रेड दिए जायेंगे।

BBPS,PITAMPURA

अपठित गद्यांश

'अपठित' शब्द का अर्थ है जो कभी पढ़ा न गया हो।

अपठित गद्यांश हल करते समय हमें निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए -

- दिए गए अनुच्छेद को एक दो बार ध्यान से पढ़ें और समझने का प्रयास करें।
- कठिन शब्दों को रेखांकित कर दो तीन बार पढ़कर समझने का प्रयास करें।
- उसके पश्चात प्रश्नों को अलग अलग पढ़ें और प्रत्येक प्रश्न के उत्तर को रेखांकित करलें।
- प्रश्नों के उत्तर ज्यों के त्यों मत लिखें, उसे अपनी भाषा में सरल व स्पष्ट शब्दों में व्यक्त करें।
- शीर्षक कम से कम शब्दों में तथा उस अनुच्छेद के मुख्य बिंदुओं पर आधारित होना चाहिए।

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

जिस विद्यार्थी ने समय की कीमत समझ ली, वह सफलता को अवश्य प्राप्त करता है। प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी दिनचर्या की समय-सारिणी अथवा तालिका बनाकर उसका पूरी दृढ़ता से पालन करना चाहिए। जिस विद्यार्थी ने समय का सही उपयोग करना सीख लिया, उसके लिए कोई भी कार्य असंभव नहीं है। कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो किसी कार्य के पूरा न होने पर समय की दुहाई दिया करते हैं। वास्तव में सच्चाई इसके विपरीत। अपनी अकर्मण्यता और

BBPS,PITAMURA

आलस्य को वे समय की कमी के बहाने छिपाते हैं। कुछ लोगों को अकर्मण्य रहकर निठल्ले समय बिताना अच्छा लगता हैं। ऐसे लोग केवल बातूनी होते हैं।

दुनिया के सफलतम व्यक्तियों ने सदैव कार्य-व्यवस्था में समय बिताया है। उनकी सफलता का रहस्य समय का सदुपयोग रहा है। दुनिया में अथवा प्रकृति में हर वस्तु का समय निश्चित है। बीत जाने पर कार्य फलप्रद नहीं होता। सूर्य यदि समय पर उदय होना व अस्त होना बंद करदे, वर्षा यदि समय पर न हो, किसान समय पर अनाज न बोए, तो कैसी स्थिति हो जाएगी ? ठीक इसी प्रकार यदि विद्यार्थी समय की कीमत नहीं समझेगा तो वह सफलता नहीं प्राप्त कर सकता। परीक्षा के समय यदि विद्यार्थी परिश्रम नहीं करेगा और उस दिन आराम करेगा तो उसे वांछित सफलता नहीं मिल सकती।

प्रश्न: 1. सफलता पाने के लिए विद्यार्थी के लिए क्या आवश्यक है?

प्रश्न: 2. कुछ विद्यार्थी काम न पूरा होने पर क्या बहाना बनाते हैं? इसकी वास्तविकता क्या होती है?

प्रश्न: 3. बातूनी और सफल व्यक्तियों में क्या अंतर होता है?

प्रश्न: 4. प्रकृति द्वारा समय के सदुपयोग के दो उदाहरण दीजिए?

प्रश्न: 5. विद्यार्थी द्वारा समय की कीमत न समझने से क्या हानियाँ हैं?

प्रश्न: 6. प्रस्तुत अनुच्छेद का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

BBPS, PITAMPURA

निम्नलिखित पर्यायवाची ,विपरीत, उपसर्ग व प्रत्यय युक्त शब्दों को पढें और उत्तर पुस्तिका में लिखकर याद करें। कभी भी कक्षा -परीक्षा ली जा सकती है।

शब्द	**पर्यायवाची**
माँ	माता, अम्बा
साँप	सर्प, नाग
घर	आलय, निकेतन
गहना	आभूषण, आभरण
सागर	जलधि, पयोधि

शब्द	**विपरीत**
जवान	बूढ़ा /बच्चा
अपमान	सम्मान
जीवन	जीवन -मरण
धनी	निर्धन
परिचित	अपरिचित

उपसर्ग +मूलशब्द	**नया शब्द**
उप + हास	उपहास
पर + लोक	परलोक
सह + अनुभूति	सहानुभूति
अप + मान	अपमान
परि + स्थिति	परिस्थिति

मूलशब्द +प्रत्यय	**नया शब्द**
मज़बूर + ई	मज़बूरी
गहरा + आई	गहराई
दुकान + दार	दुकानदार
बेचने + वाली	बेचनेवाली
द्रव + इत	द्रवित

BBPS,PITAMPURA